भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1259

गुरूवार, 1 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

महाराष्ट्र में पर्यटन स्थलों का विकास

1259 श्री धनंजय भीमराव महादिक:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में पर्यटन स्थलों के विकास के लिए आवंटित कुल धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) इन आवंटित धनराशियों का कितना प्रतिशत अब तक संवितरित किया गया है तथा यदि संवितरण में कोई देरी हुई है तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या महाराष्ट्र में पर्यटन विकास परियोजनाओं के कई प्रस्ताव वर्तमान में केंद्र सरकार के पास अनुमोदनार्थ लंबित हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय, 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार तथा आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' की अपनी केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं के तहत राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को उनके परामर्श से वित्तीय सहायता प्रदान करता है । इन योजनाओं के तहत योजना दिशा-निर्देशों और संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रस्तुत उपयोग प्रमाण-पत्रों के अनुसार निधियां किश्तों में जारी की जाती हैं । मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन (एसडी) के तहत महाराष्ट्र राज्य में 2 परियोजनाएं और प्रशाद योजना के तहत 1 परियोजना की स्वीकृति दी गई है, जिसका ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है ।

मंत्रालय ने 'केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजना के तहत पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में 37.50 करोड़ रु. की राशि से 'इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल को उन्नयन/आधुनिकीकरण' की एक परियोजना को वर्ष 2021-22 में मंजूरी दी है और 30.00 करोड़ रु. जारी किए गए हैं ।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटन-केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों का विकास करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को हाल ही में स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0) का नया रूप दिया है । राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श से और योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार, मंत्रालय ने एसडी 2.0 के तहत महाराष्ट्र में 'सिंधुदुर्ग' और 'अजंता-एलोरा' सहित देश में 57 गंतव्यों को विकास के लिए चिह्नित किया है । इसके अलावा, मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' नामक एक उप-योजना में संस्कृति और विरासत स्थल श्रेणी के तहत 'अहमदनगर' को चिह्नित किया है ।

*****

अनुबंध

श्री धनंजय भीमराव महादिक द्वारा महाराष्ट्र में पर्यटन स्थलों का विकास के संबंध में दिनांक 01.08.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1259 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

महाराष्ट्र में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:-

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र**	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि***	**उपयोग की गई राशि**	**भौतिक प्रगति**
1.	महाराष्ट्र	तटीय परिपथ 2015-16	सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ -सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (तट और क्रीक), मितभाव का विकास	19.06	18.10	17.61	पूर्ण
2.	महाराष्ट्र	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	वाकी-अदासा- धापेवाड़ा -परादसिंघा- तेलनखंडी - गिराड का विकास	45.47	43.19	32.04	पूर्ण

*नई वित्तीय प्रक्रिया के अनुसार केंद्रीय नोडल एजेंसी (सीएनए) को जारी की गई राशि सहित।

महाराष्ट्र में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण निम्नानुसार है:-

(करोड़ रु. में)

परियोजना का नाम	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत लागत**	**निर्मुक्त राशि**	**भौतिक प्रगति %**	**वित्तीय प्रगति**	**जिला**
त्र्यंबकेश्वर का विकास	2017-18	42.18	29.93	82%	71%	नाशिक

*****